an>

Title: Need to make available chemical fertilizers to farmers in the country.

श्रीमती कृष्णा राज (शाहजहाँपुर): माननीय उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे किसानों के एक ज्वलंत मुद्दे पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करती हूँ। आज उत्तर प्रदेश में हमारे किसानों को यूरिया की बहुत ही आवश्यकता है, लेकिन हमारा पूरा प्रदेश खाली पड़ा हुआ है। किसान बारिश के बाद परेशान हैं कि वे खाद कहाँ से लाएं। एक तरफ पूरे प्रदेश में खाद की किल्लत है, दूसरी तरफ कालाबाजारी जोरों पर है।

मैं आपके माध्यम से कहना चाहती हूँ कि भारत सरकार उत्तर प्रदेश सरकार से कहे कि वहाँ पर कालाबाजारी तुरंत बंद की जाए और उत्तर प्रदेश के किसानों को यूरिया खाद मुहैया कराए, यह मेरा आपसे विशेष आग्रह है।